# वद्यिुत अधनियिम मसौदा बलि 2020

## संदर्भ:

हाल ही में केंद्र सरकार ने देश के वद्यिुत क्षेत्र में बड़े सुधार करने के उद्देश्य से ‘वद्यिुत अधनियिम (संशोधन) वधियक, 2020’ के मसौदे को मंज़ूरी दे दी है। इस मसौदे में शामलि सुधारों में सब्सडिी वतिरण हेतु ‘प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण’ (Direct Benefit Transfer- DBT) की प्रणाली का प्रयोग, वद्यिुत वतिरण कंपनयिों (डस्किॉम्स) की वैधता, लागत आधारति दर, वद्यिुत अनुबंध प्रवर्तन प्राधकिरण की स्थापना और नयिामकीय व्यवस्था को मजबूत बनाना आद‍ि प्रमुख हैं। साथ ही इस मसौदे में वद्यिुत अधनियिम के प्रावधानों और आयोग के आदेशों का अनुपालन सुनश्चिति करने हेतु अधनियिम में जुर्माने से जुड़ी धाराओं में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव कयिा गया है।

## पृष्ठभूम‍ि:

- वर्ष 1980 के बाद से भारतीय कृष‍ि एवं ग्रामीण क्षेत्र में बजिली की खपत में लगातार वृद्ध‍ि हुई है।
- वर्तमान में कृष‍ि और ग्रामीण क्षेत्र में प्रदान की जाने वाली बजिली पर बड़ी मात्रा में सब्सडिी दी जाती है।
- वद्यिुत सब्सडिी के कारण प्रतवि‍र्ष सरकार को लगभग 80,000 करोड़ रुपए का अतरिक्ति आर्थकि भार वहन करना पड़ता है।
- वर्ष 2003 में केंद्र सरकार द्वारा लागू ‘वद्यिुत अधनियिम, 2003’ के माध्यम से भारतीय वद्यिुत् क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण परविर्तन करने के प्रयास कयिे गए।
- पछिले कई वर्षों से समस्याओं के समाधान के अभाव में भारतीय वद्यिुत क्षेत्र लगातार घाटे में रहने के साथ ही उपभोक्ताओं की ज़रूरतों के अनुरूप सेवाएँ उपलब्ध कराने में असफल रहा है।
- केंद्रीय सरकार वर्ष 2014 से अब तक ‘वद्यिुत अधनियिम (संशोधन) वधियक’ के संदर्भ में चार मसौदे प्रस्तुत कर चुकी है।
- वर्ष 2014 के मसौदे के तहत उपभोक्ताओं को मोबाईल सेवाओं की तरह अपने वद्यिुत सेवा प्रदाता को बदलने का वकिल्प दयिा गया था।
- ‘वद्यिुत अधनियिम (संशोधन) वधियक’ का दूसरा और तीसरा मसौदा क्रमशः वर्ष 2018 और वर्ष 2019 में प्रस्तुत कयिा गया था।

## वद्यिुत क्षेत्र की वर्तमान समस्याएँ:

- अधकिांश ग्रामीण क्षेत्रों और कृष‍ि कार्य में वद्यिुत आपूर्त‍ि के लयि‍े मीटर (Electricity Meter) न होने के कारण ऐसे क्षेत्रों में वद्यिुत खपत के संदर्भ में वस्तिृत आँकड़ों की अनुपलब्धता एक बड़ी समस्या है।
- कृष‍ि में वद्यिुत सब्सडिी के कारण राज्य सरकारों पर आर्थकि दबाव बढ़ा है और यह आर्थकि दबाव वद्यिुत क्षेत्र के वकिास की सबसे बड़ी बाधा रही है, साथ ही वतिरक कंपनयिों को समय पर भुगतान न मलिने के कारण कंपनयिों की स्थत‍ि खराब हुई है।
- बेहतर तकनीक एवं उपकरणों के नवीनीकरण के न होने के कारण उत्पादन केंद्रों से उपभोक्ताओं तक वद्यिुत् वतिरण के दौरान भारी मात्रा में ऊर्जा की हान‍ि एक बड़ी समस्या है।
- सरकार पर सब्सडिी के दबाव को कम करने के लयि‍े क्रॉस-सब्सडिी (Cross Subsidy) जैसी नीतयिों को अपनाने से औद्योगकि क्षेत्र पर नकारात्मक परणिाम देखने को मलि‍े हैं।

**क्रॉस-सब्सडिी (Cross Subsidy):** कसिी एक वर्ग या समूह को कम दरों पर सेवाएँ या उत्पाद उपलब्ध करने के लयि‍े कसिी दूसरे समूह से अधकि/अतरिक्ति शुल्क वसूल करने की प्रक्रयिा क्रॉस सब्सडिी कहलाती है। भारत में कृष‍ि क्षेत्र या कुछ अन्य वर्गों को कम दरों पर बजिली उपलब्ध कराने के लयि‍े औद्योगकि क्षेत्र को दी जाने वाली बजिली पर अतरिक्ति शुल्क लगाया जाता है।

## प्रस्तावति सुधार:

**1. लागत आधारति दर और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण:**

- सरकार द्वारा प्रस्तावति संशोधन के अनुसार, नियामक वद्यिुत उत्पादन और उसके वतिरण की लागत के आधार पर वद्यिुत दरों का नर्धिारण करेंगे, नियामकों द्वारा नर्धिारति दरों में सब्सडिी को शामलि नहीं कयिा जाएगा।
- कसिानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से सीधे उनके खाते में सब्सडिी प्रदान की जाएगी।

**2. नयिामकीय व्यवस्था को मजबूत बनाना:**

- **अपीलीय न्यायाधकिरण को मज़बूत बनाना:** इस मसौदे में अध्यक्ष के अतरिक्ति अपीलीय न्यायाधकिरण की क्षमता को 7 सदस्यों तक बढ़ाने का सुझाव दयिा गया है। जसिसे मामलों के त्वरति नस्तिारण हेतु कई पीठों की स्थापना की जा सके, साथ ही न्यायाधकिरण के फैसलों के अनुपालन को सुनश्चिति करने के लयि इसे और अधकि सशक्त बनाने का प्रस्ताव भी कयिा गया है।
- **कई चयन समतियिों की व्यवस्था खत्म:**
  - वर्तमान वद्यिुत अधनियिम के तहत केंद्रीय और राज्य आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नयिुक्ति के लयि कई चयन समतियिों का गठन करना पड़ता है।
  - इस मसौदे में केंद्र और राज्य आयोग के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नयिुक्ति हेतु एक चयन समति की व्यवस्था का प्रस्ताव कयिा गया है।
  - साथ ही केंद्र और राज्य वद्यिुत वनियिामक आयोगों के अध्यक्षों और अन्य सदस्यों की नयिुक्ति हेतु सामान पात्रता मानदंडों को स्थापति करने का प्रस्ताव कयिा गया है।
- **जुर्माना:** इस मसौदे में वद्यिुत अधनियिम के प्रावधानों और आयोग के आदेशों का अनुपालन सुनश्चिति करने के उद्देश्य से दंडात्मक कार्रवाई के रूप में अधकि जुर्माना लगाए जाने हेतु वद्यिुत अधनियिम की धारा 142 और 146 में संशोधन का प्रस्ताव कयिा गया है।

**3. वद्यिुत अनुबंध प्रवर्तन प्राधकिरण की स्थापना (Electricity Contract Enforcement Authority):**

- इस मसौदे में उच्च न्यायालय के सेवानवृित्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक 'केंद्रीय प्रवर्तन प्राधकिरण' की स्थापना का प्रस्ताव कयिा गया है।
- इस प्राधकिरण के पास वद्यिुत उत्पादन और वतिरण से जुड़ी हुई कंपनयिों के बीच बजिली की खरीद, बक्रिी या हस्तांतरण से संबंधति अनुबंधों को लागू करने के लयि दीवानी अदालत (Civil Court) के बराबर अधकिार होंगे।

**4. अक्षय ऊर्जा और पनबजिली:**

- केंद्र सरकार ने देश में ऊर्जा के अक्षय स्रोतों से बजिली के उत्पादन के आवश्यक क्षमता वकिास और प्रोत्साहन के लयि एक '**राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा नीति**' **(National Renewable Energy Policy)** के नर्माण का प्रस्ताव कयिा है।
- इस मसौदे में आयोग को वद्यिुत वतिरकों द्वारा अनवािर्य रूप से अक्षय ऊर्जा स्रोतों से बजिली की खरीद की एक न्यूनतम मात्रा नर्धिारति करने का प्रस्ताव कयिा गया है। साथ ही अक्षय ऊर्जा स्रोतों से न्यूनतम बजिली खरीदने की बाध्यता न पूरी करने पर जुर्माना लगाने का प्रस्ताव भी कयिा गया है।

**5. सीमा पार वद्यिुत व्यापार:** इसके तहत मसौदे में भारत तथा अन्य देशों के बीच बजिली व्यापार को बढ़ावा देने तथा इसे और अधकि आसान बनाने के लयि आवश्यक प्रावधानों को प्रस्तावति कयिा गया है।

**6. फ्रेंचाइजी और उप- वतिरण लाइसेंस:**

- केंद्र सरकार ने इस मसौदे में राज्यों में वद्यिुत वतिरण कंपनयिों को कसिी क्षेत्र वशिेष में वद्यिुत् वतिरण के लयि फ्रेंचाइजी और उप- वतिरण कंपनयिों को जोड़ने का अधकिार देने का प्रस्ताव कयिा है।

## मसौदे में शामलि प्रस्तावों के लाभ:

- ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और सामान्य उपभोक्ताओं के लयि बजिली उपलब्ध कराने के लयि अलग-अलग सप्लाई लाइनों के न होने से राज्य सरकारों को वतिरण कंपनयिों को अधकि सब्सडिी देने पर ववश होना पड़ा है।
- वद्यिुत सब्सडिी के भुगतान हेतु 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' की प्रक्रयिा अपनाने से कसिान या अन्य पात्र लोगों को सहायता सुनश्चिति करने के साथ ही सरकार के आर्थकि बोझ को कम करने में मदद मलिेगी।
- कृषि क्षेत्र में उपभोगताओं के लयि मीटर अनवािर्य करने से कसिानों को बजिली और जल के अनयिंत्रति दोहन के संदर्भ में जागरूक कयिा जा सकेगा साथ ही बजिली चोरी की घटनाओं को नयिंत्रति कर बजिली खपत की बेहतर नगिरानी की जा सकेगी।
- वशि्व बैंक (World Bank) के आँकड़ों के अनुसार, वर्ष 2017 में G-20 समूह में देशों की जीडीपी वकिास दर में वृद्धि का सीधा संबंध उनकी वद्यिुत खपत में देखा गया था, भारत इस सूची में वद्यिुत खपत और जीडीपी वृद्धि दर के मामले में सबसे नचिले स्थान पर रहा।
- पछिले कुछ वर्षों में वैश्वीकरण और देश में वदिशी कंपनयिों के आने से औद्योगकि क्षेत्र की स्थानीय इकाइयों पर प्रतस्पिर्द्धा का दबाव बढ़ा है, ऐसे में क्रॉस सब्सडिी को कम करने से औद्योगकि क्षेत्र पर पड़ने वाले वाले अतरिक्ति दबाव को कम कयिा जा सकेगा।
- देश के कई क्षेत्रों में वर्तमान ज़रूरतों के अनुसार वद्यिुत वभिाग में नवीनीकरण न होने या अन्य कारणों से से एक बड़े क्षेत्र को सेवाएँ उपलब्ध कराना एक चुनौती है। ऐसे में फ्रेंचाइजी और 'उप- वतिरक लाइसेंस' देने के माध्यम से नजिी क्षेत्र को जोड़कर इस समस्या का समाधान कयिा जा सकता है।
- **देश के वद्यिुत क्षेत्र के वकिास के संदर्भ में एक मज़बूत राष्ट्रीय नीति और राज्यों के बीच परस्पर समन्वय का अभाव कई केंद्रीय योजनाओं की असफलता और इस क्षेत्र के वकिास में एक बड़ी बाधा रहा है। उदाहरण के लयि- वर्ष 2015 में केंद्र सरकार द्वारा लागू**

**'उदय' {उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (Ujwal DISCOM Assurance Yojana-UDAY)} जहाँ कुछ राज्यों में सफल रही वहीं कुछ अन्य राज्यों में वित्तीय अनुशासन के भाव में इस योजना के बावज़ूद विद्युत् क्षेत्र के घाटे में वृद्धि देखने को मिली।**
- **ऐसे में 'केंद्रीय प्रवर्तन प्राधिकरण' की स्थापना के माध्यम से विद्युत क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी बेहतर निगरानी में सहायता प्राप्त होगी।**

## चुनौतियाँ

- कृषि क्षेत्र में विद्युत सब्सिडी के लिये प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की प्रक्रिया अपनाने से उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलने से पहले सामान्य (महँगी) दरों पर बिल देना होगा, कई छोटे किसानों के लिये यह एक समस्या का कारण बन सकती है।
- किसी तकनीकी खराबी या अन्य कारणों से सही समय पर सब्सिडी का भुगतान न होने पर उपभोक्ताओं पर दबाव बढ़ेगा।
- 'केंद्रीय प्रवर्तन प्राधिकरण' की स्थापना से राज्य विद्युत नियामक आयोग की शक्तियों में कमी आएगी ऐसे में राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर सहमत करना कठिन होगा।
- वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था पर COVID-19 के प्रभाव के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी सहायता की मांग बढ़ी है, ऐसे में विद्युत क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देने से सरकार को विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## आगे की राह:

- वर्तमान समय में कृषि और औद्योगिक क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिये आसान दरों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना बहुत ही आवश्यक है।
- वितरक कंपनियों के लिये कृषि क्षेत्र में विद्युत वितरण को किफायती बनाने और कंपनियों के घाटे को कम करने हेतु किसानों को मीटर और 'प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण' के बारे में जागरूक किया जाना चाहिये।
- कृषि के लिये अलग फीडर और सोलर पंप के माध्यम से अत्यधिक विद्युत खपत के दबाव को कम किया जा सकता है।
- विद्युत वितरण के दौरान होने वाली विद्युत हानि 'ट्रांसमिशन लॉस' (Transmission Loss) को कम करने के लिये आवश्यक तकनीकी बदलाव किये जाने चाहिये।
- विद्युत क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिये केंद्र व राज्य सरकारों तथा सभी राजनीतिक दलों एवं अन्य हितधारकों के बीच एक सकारात्मक राजनीतिक संवाद का होना बहुत ही आवश्यक है।

**अभ्यास प्रश्न:** पिछले कई वर्षों से भारतीय विद्युत क्षेत्र राज्य सरकारों के लिये एक बड़े वित्तीय घाटे का कारण बना रहा है। भारतीय विद्युत क्षेत्र के संकट के कारणों की समीक्षा करते हुए इसके समाधान के विकल्पों की चर्चा कीजिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/draft-electricity-bill-2020